पत्रांक – सा0/सुरक्षा/825/2020–21/746                    दिनांक, 09 दिसम्बर 2020

**कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल**
**सुरक्षा कर्मियों व मैनपॉवर हेतु निविदा विज्ञप्ति (2021)**

विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, कुलपति आवास, डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल, भीमताल एवं महादेवी सृजन पीठ उमागढ़, रामगढ़ में लगभग 60 सुरक्षाकर्मी, सुपरवाइजर तथा अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल व उच्च कुशल मैनपॉवर की समय–समय पर आवश्यकता के अनुरूप आउटसोर्सिंग से तैनात किये जाने के सम्बन्ध में अनुभवी एवं मान्यता प्राप्त पंजीकृत सुरक्षा एवं मैन पॉवर एजेन्सियों (जिनको सुरक्षा एवं मैन पॉवर सम्बन्धी कार्य करने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव हो) से दिनांक 23 दिसम्बर 2020 को अपराह्न 05.00 बजे तक दी गई शर्तों के अधीन मुहरबन्द पंजीकृत निविदा कुलसचिव, कार्यालय कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल में आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य 1180/– होगा। निविदा शर्तें एवं प्रपत्रों वैबसाइट www.kunainital.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 24 दिसम्बर 2020 को पूर्वाह्न 11:00 या जो भी तिथि निर्धारित की जाय को कुमाऊँ विश्वविद्यालय, प्रशासनिक भवन में खोली जायेंगी।

पत्रांक–सा0/सुरक्षा/825/2020–21/746/ दिनांक 09 दिसम्बर, 2020                    कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक, अमर उजाला, दैनिक भास्कर ....को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अधिकतम 6cm X 4cm Column स्थान में अपने दैनिक समाचार पत्र के ........उत्तराखण्ड/अपलोड संस्करण में दिनांक 10/12/2020........ को प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. कम्प्यूटर प्रोग्रामर, आई0 पी0 एस0 डी0 आर0, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल को इस निर्देश के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की बेबसाइट में अपलोड करने का कष्ट करें।
3. वित्त नियंत्रक, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
4. निजी सचिव कुलपति को कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. विश्वविद्यालय नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।
6- अभिलेख पत्रावली।

कुलसचिव



Scanned with CamScanner

पत्रांक – सा0/सुरक्षा/825/2020–21/746 दिनांक : 09/12/2020

| निविदा प्रपत्र 2021<br>(सुरक्षा एवं मैनपॉवर) | |
|---|---|
| 1. निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि | 23 दिसम्बर 2020 |
| 2. कुल पृष्ठ संख्या | |
| 3. निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1180 (जी0एस0टी0 सहित) |
| 4. संस्था का नाम एव पता | ........................................................ |
| | ............................................................. |
| दिनांक | |
| | हस्ताक्षर संस्थाध्यक्ष, नाम एवं मुहर |

नोट : (1) कृपया दरों को अंकित करने से पूर्व निविदा प्रपत्र में दिये गये नियमों/शर्तों का भली प्रकार अध्ययन कर लें।

(2) दरों को संलग्न निविदा प्रपत्रों में अंको व शब्दों दोनों में अंकित करें।

कुलसचिव



Scanned with CamScanner

पत्रांक – सा0/सुरक्षा/825/2020–21/746 दिनांक : 09 दिसम्बर,2020

**बिड नं0 – 01**
**निविदा तकनीकी प्रपत्र (मैनपॉवर, सुरक्षा कार्यों हेतु) 2021**

1. निविदा फार्म शुल्क जमा का विवरण–
2. निविदा प्रतिभूति (EMD) विवरण –
   1. धनराशि
   2. ड्राफ्ट नं0/एफ0डी0आर0 स0
   3. दिनांक
   4. जारीकर्ता बैंक का नाम
3. निविदादाता फर्म/एजेन्सी की स्थापना की तिथि व पंजीकरण संख्या (छायाप्रति संलग्न) –
4. निविदादाता फर्म/एजेन्सी का पूरा नाम –
   (कार्यालय पता, दूरभाष नं0, फैक्स नं0, ई–मेल आई0 डी0, सम्पर्ककर्ता का नाम सहित)
5. निजी सुरक्षा एवं मैनपॉवर ऐजेंसी हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्गत लाइसेंस (छायाप्रति सहित)–
6. पैन एवं टैन नम्बर (संलग्न छायाप्रति )
7. उत्तराखण्ड के श्रम विभाग के अधिकृत अधिकारी द्वारा निर्गत फर्म लाईसेन्स (छायाप्रति संलग्न) –
8. जी0 एस0 टी0 नम्बर (संलग्न छायाप्रति) –
9. ई0 पी0 एफ0 रजिस्ट्रेशन नम्बर (संलग्न छायाप्रति) –
10. ई0 एस0 आई रजिस्ट्रेशन नम्बर (संलग्न छायाप्रति) –
11. किसी राजकीय/केन्द्रीय विभाग/संस्थान में काली सूची ( Black listed ) में नाम दर्ज नहीं होने संबंधित शपथ पत्र (संलग्न प्रति मूलरूप में) –
12. निर्धारित शर्तो के प्रारूप की घोषणा पत्र हस्ताक्षरित प्रति संलग्न है –
13. फर्म की प्रोफाइल संलग्न करें –
14. अन्य प्रमाणपत्र, यदि कोई हो –
15. निविदादाता को रू0 200.00 लाख का अचल सम्पत्ति का हैसियत प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
16. विगत तीन वर्षो की आयकर रिटर्न की प्रति ( कर निर्धारण वर्ष 2017–18, 2018–19 एवं 2019–20) संलग्न की जानी अनिवार्य है।



Scanned with CamScanner

17. निविदादाता संस्था का विगत 3 वर्षों का टर्न ओवर रू0 200.00 लाख होना आवश्यक है, जिस हेतु चार्टेड एकाउन्टेण्ट का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

18. अनुभव प्रमाणपत्र (विभिन्न राजकीय विभागों/सरंथाओ/अद्ध शासकीय संस्थाओं में सुरक्षा कार्य करने का न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव (जिसमें न्यूनतम 60 कार्मिकों को लगाया हो) का विवरण इस हेतु राजकीय कार्यालय/संस्थान द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न करें, अन्यथा प्रमाण–पत्र न होने पर ऐसी निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

(अ) राजकीय कार्यालय/संस्थान का नाम – ..........................................................................

(ब)पूर्व वर्षों में किये गये कार्यों का विवरण – ..........................................................................

(स) न्यूनतम 60 सुरक्षाकर्मी लगाये गये या इससे अधिक का विवरण – ................................................

(द) अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न (हाँ या नहीं) – ..........................................................................

19. संलग्नकों की उपरोक्त क्रमवार संख्या – ..........................................................................

20. टेलीफोन नं0 ................................मोबाइल न0 ..............................ई.मेल...........................................

21. उत्तराखण्ड शासन श्रम विभाग के समय–समय पर निर्गत शासनादेश के तहत निर्धारित न्यूनतम मजदूरी/नियमों/कानूनों का पालन सम्बन्धित निविदादाता द्वारा किया जाना अनिवार्य होगा।

22. निविदा के साथ "निजी सुरक्षा, व मैनपॉवर (अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल व उच्च कुशल कार्मिक) एजेन्सी के कारोबार में नियोजन हेतु प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लाइसेंस (जो वर्तमान में वैध हो) की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

निविदादाता को द्वि–निविदा (टू–बिड) प्रणाली के अन्तर्गत बिड संख्या – 01 (तकनीकी) तथा बिड संख्या – 02 (वित्तीय) निविदा प्रपत्र को अलग–अलग लिफाफों में प्रस्तुत करना होगा। लिफाफों के बाहर बिड सं0 (तकनीकी/वित्तीय) स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए व दोनों लिफाफों को एक साथ बड़े लिफाफे के अन्दर मुहरबन्द कर जमा करना अनिवार्य होगा व लिफाफे के बाहर सुरक्षा हेतु निविदा 2021 लिखा होना चाहिए। अन्यथा निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। तकनीकि बिड में सफल निविदा ही वित्तीय बिड के लिए अर्ह होगी। इसके लिए कोई दावा मान्य नही होगा।

स्थानः

दिनांकः

अधिकृत के हस्ताक्षर, नाम एवं फर्म/संस्था की मुहर

## बिड नं0 –02

**निविदा वित्तीय प्रपत्र सुरक्षाकर्मी व मैनपॉवर (अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल व उच्च कुशल कार्मिक) हेतु 2021**

विश्वविद्यालय की निविदा संख्या........................................................................दिनांक...................................के क्रम में मैं/हमारी संस्था कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के निविदा प्रपत्र में उल्लिखित समस्त शर्तों के अनुसार अनुबन्ध पर निम्न कार्य करने के लिए सहमत हूँ/हैं एवं निम्नवत् दरें प्रस्तुत की जा रही हैं–

### (क) सुरक्षाकर्मी

| क्रम0 सं0 | सुरक्षाकर्मी विवरण व अनुमानित स0 | दर प्रतिमाह **(प्रतिकार्मिक)** सभी करों, जी0एस0टी0 सहित |
|---|---|---|
| 1 | सुरक्षा गार्ड (डण्डा मैन) – 50 | |
| 2 | सुरक्षा गार्ड (भूतपूर्व सैनिक) – 07 | |
| 3 | सुरक्षागार्ड बन्दूकधारी,(भूतपूर्व सैनिक ) – 02 | |
| 4 | सुपरवाइजर (भूतपूर्व सैनिक) – 01 | |

### (ख) अन्य मैनपॉवर

| क्रम0 सं0 | मैनपॉवर का विवरण | दर प्रतिमाह **(प्रतिकार्मिक)** सभी करों, जी0एस0टी0 सहित |
|---|---|---|
| 1 | अकुशल, | |
| 2 | अर्द्धकुशल, | |
| 3 | कुशल | |
| 4 | उच्च कुशल | |

विश्वविद्यालय द्वारा उक्त दर के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार का कोई भी भुगतान (यथा सर्विस चार्जेज, जी0 एस0 टी0, ई0पी0एफ0, बीमा, बोनस, लेबर, रजिस्ट्रेशन, ई0एस0आई0, मैडिकल फैसिलिटी इत्यादि) पृथक से नहीं किया जाएगा। अतः दरें तद्नुसार ही अंकित करें। दरें श्रम विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी न्यूनतम मजदूरी से कम मान्य नही होगी।

दिनांकः
स्थानः

अधिकृत के हस्ताक्षर, नाम एवं फर्म/संस्था की मुहर



Scanned with CamScanner

# सुरक्षा एवं मैनपॉवर (अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल व उच्च कुशल कार्मिक) हेतु निविदा

## आवश्यक शर्तें, वर्ष 2021

1. निविदा प्रपत्र के साथ प्रतिभूति की धनराशि 2,00,000/– का टैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0 वित्त अधिकारी, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के पदनाम से बंधक करते हुए संलग्न करना अनिवार्य है, जिसे बिड सं0 01 में ही संलग्न करें, अन्यथा बिड पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. विश्वविद्यालय द्वारा निविदा को सावधानी पूर्वक भरा जायें, यदि कहीं भी कटिंग, ओवरराईटिंग/इरेजिंग एवं फ्ल्यूड का प्रयोग कदापि न किया जाय। परिर्वतन करने की आवश्यकता हो तो काटकर अलग से स्पष्ट लिखे व अपने हस्ताक्षर भी करें। अन्यथा निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. उत्तराखण्ड शासन के श्रम विभाग के समय–समय पर निर्गत शासनादेश के अनुसार श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी एजेन्सी द्वारा अनुमन्य करायी जानी अनिवार्य होगी। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा कभी भी जानकारी ली जा सकती है तथा न्यूनतम मजदूरी न दिये जाने पर सम्बन्धित एजेन्सी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। लेकिन एजेन्सी/फर्म श्रम विभाग के द्वारा मजदूरी में वृद्धि किए जाने पर विश्वविद्यालय पर कोई दावा नहीं करेगी। मजदूरी की दर पूर्ण माह के आधार पर रहेगी।
4. उक्त निविदा एक वर्ष हेतु प्रदान की जायेगी। कार्य संतोषजनक पाये जाने पर उन्हीं दरों पर दोनों पक्षों की सहमति से निविदा को अग्रेत्तर 2 वर्ष के लिए बढ़ाये जाने पर विचार किया जा सकता है।
5. फर्मों द्वारा दरें (समस्त करों, जी0एस0टी0 सहित)मासिक आधार पर अंकित की जाएं तद्नुसार ही मासिक आधार पर भुगतान किया जाएगा।
6. कार्यदायी फर्मों द्वारा प्रदत्त सेवा में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा सेवा में कमी पाए जाने पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त सेवा/अनुबंध समाप्त कर दिया जाएगा साथ ही धरोहर राशि (ई0एम0डी0) जब्त करते हुए काली सूची में नाम दर्ज कर दिया जाएगा।
7. विश्वविद्यालय अधिकृत अधिकारी/सदस्यों द्वारा मैनपॉवर (अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल व उच्च कुशल कार्मिक), सुरक्षा संबंधी सेवाओं अथवा मैनपॉवर, सुरक्षा कर्मियों की समय–समय पर निरीक्षण करते हुए निगरानी (Monitering) की जाएगी। मैनपॉवर एवं सुरक्षाकर्मी के अनुपस्थिति में उस दिवस के पारिश्रमिक की कटौती की जाएगी। सेवाएें संतोषजनक न होने की दशा में सम्बन्धित माह में बिल से दण्ड के रूप में 5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक कटौती की जायेगी।
8. सुरक्षा एवं मैनपॉवर (अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल व उच्च कुशल कार्मिक) हेतु रखे जाने वाले कर्मी की अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं हो (भूतपूर्व सैनिकों हेतु अधिकतम 60 वर्ष) तथा रखे जाने वाले सुरक्षा कर्मी को शारीरिक को रूप से हृष्ट–पुष्ट होना चाहिए। सुरक्षाकर्मियों की संख्या आनुमानित दी गई है जो कि विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार कम व अधिक की जा सकती है।
9. जो कार्मिक उपलब्ध कराये जायेंगे, उनका कोई अपराधिक इतिहास न हो। यह सुनिश्चित करना फर्म का दायित्व होगा। सुपरवाइजर द्वारा प्रतिदिन ड्यूटी चैक कर उसकी रिपोर्ट विश्वविद्यालय में नामित अधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी।
10. उपलब्ध कराये जाने वाले सुरक्षाकर्मी/मैनपॉवर/सुपरवाईजर का पूर्ण विवरण पुलिस सत्यापन के साथ सेवायें प्रारम्भ करने के समय विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होगा।
11. सेवा प्रदाता फर्म (सफल निविदादाता/फर्म) को अनुबंध/आपसी सहमति के समय वार्षिक सेवा शुल्क/सेवा लागत/विश्वविद्यालय द्वारा दिये जाने वाले कुल भुगतान का अधिप्राप्ति नियमावली 2017 में निर्धारित 10



Scanned with CamScanner

प्रतिशत कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से वित्त अधिकारी, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के पदनाम से जमा किया जाना आवश्यक होगा।

12. फर्म के देयक से नियमानुसार आयकर कटौती एवं जी0एस0टी0 कटौती कर भुगतान किया जायेगा।
13. उपलब्ध कराये जाने वाले कार्मिकों का पारिश्रमिक सम्बन्धित फर्म द्वारा सीधे कार्मिकों के बैंक खाते में जमा की जाएगी, जिसका प्रमाण/रसीद विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इसके अलावा ईपी0एफ0, ई0एस0आई की धनराशि उनके ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0 खाते में निर्धारित समय पर जमा करनी होगी, जिसका प्रमाण-पत्र रसीद विश्वविद्यालय को अगले माह के बिल के साथ संलग्न की जानी अनिवार्य होगी।
14. संस्था अपने कर्मियों को एक परिचय पत्र जारी करेगी, जिसे सम्बन्धित कार्मिक द्वारा ड्यूटी पर धारण करना अनिवार्य होगा।
15. यदि फर्म द्वारा विश्वविद्यालय से किया गया अनुबन्ध समय से पूर्व समाप्त किया जाना हो तो इसकी सूचना कम से कम 30 दिन पूर्व लिखित रूप में देनी होगी। फर्म द्वारा समय पूर्व अनुबन्ध समाप्त करने पर कार्यपूर्ति प्रतिभूति जब्त कर ली जायेगी।
16. संस्था द्वारा अनुबन्ध की मासिक धनराशि का देयक माह समाप्त होने के उपरान्त प्रस्तुत करना होगा।
17. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विश्वविद्यालय सक्षम अधिकारी/विश्वविद्यालय प्रशासन के पास सुरक्षित रहेगा।
18. निविदादाता/फर्मों का पंजीकरण उसी के नाम से आयकर विभाग एवं वस्तु एवं सेवाकर के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
19. समस्त कार्मिक विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार कार्य करेंगें ।
20. विश्वविद्यालय प्रशासन को किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के निविदा को निरस्त करने का अधिकार रहेगा। इसमें किसी भी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
21. तकनीकी बिड में सफल निविदाताओं की ही वित्तीय बिड खोलने पर विचार किया जायेगा।
22. किसी भी वाद के लिए क्षेत्राधिकार स्थानीय न्यायालय नैनीताल के अन्तर्गत रहेगा।

कुलसचिव



Scanned with CamScanner

## घोषणा

मैं/हम ........................................................................................................घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा निविदा प्रपत्र में दी गई शर्ते पूर्ण रूप से पढ़ ली गई है, निविदा में दी गई समस्त शर्ते मुझे मान्य है तथा मेरे द्वारा निर्देशानुसार निविदा लिफाफे में बन्द कर एवं मुहरबन्द कर प्रेषित की जा रही है। समस्त विवरण जो मेरे द्वारा भरे तथा संलग्न किये गये हैं, वो सही और सत्य हैं।

मोबाईल न0 – ..................................................

टेलीफोन न0 – ..................................................

स्थान–

दिनांक–

अधिकृत के हस्ताक्षर, नाम एवं फर्म/संस्था की मुहर

## घोषणा

मैं/हम ........................................................................................................घोषणा करता/करती हूँ कि मुझे अथवा मेरी संस्था को वर्तमान और विगत में कभी भी किसी राजकीय/अद्ध शासकीय/केंद्रीय विभाग/संस्थान/कार्यालय आदि के द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं किया गया है।

मोबाईल न0 – ..................................................

टेलीफोन न0 – ..................................................

स्थान–

दिनांक–

अधिकृत के हस्ताक्षर, नाम एवं फर्म/संस्था की मुहर



Scanned with CamScanner